संख्या-52/2022/1094/छप्पन-2022-153/2000

प्रेषक,

डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0 लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 08 जुलाई, 2022

विषय: राजकीय हेलीकाप्टर बेल-412ईपी (वीटी-यू0पी0के0) में दाहिना Windshield तथा हार्डवेयर्स को क्रय किए जाने हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-79 ना0उ0नि0/यू0पी0के0-04/2022 दिनांक 30 जून, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- आपके सन्दर्भित पत्र में अवगत कराया गया है कि बर्ड हिट के कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजकीय हेलीकाप्टर बेल-412ई0पी0 (वी0टी0-यू0पी0के0) में दाहिना Windshield तथा उसको बदलने में प्रयुक्त होने वाले स्टैण्डर्ड हार्डवेयर्स को निमार्ता फर्म Bell Textron Singapore से क्रय करने हेतु यू0एस0डालर 46443.20 जोकि भारतीय मुद्रा में रूपए 81/- प्रति यू0एस0डालर की विनिमय दर से रूपए 37,61,899.20 अर्थात रूपए 37,61,899/- (रूपए सैंतीस लाख इकसठ हजार आठ सौ निन्नानवे मात्र) की धनराशि का व्यय अनुमानित है। अत: श्री राज्यपाल वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजकीय हेलीकाप्टर बेल-412ई0पी0 (वी0टी0-यू0पी0के0) में दाहिना Windshield तथा उसको बदलने में प्रयुक्त होने वाले स्टैण्डर्ड हार्डवेयर्स को निमार्ता फर्म Bell Textron Singapore से क्रय करने हेतु यू0एस0डालर 46443.20 जोकि भारतीय मुद्रा में रूपए 81/- प्रति यू0एस0डालर की विनिमय दर से रूपए 37,61,899.20 अर्थात रूपए 37,61,899/- (रूपए सैंतीस लाख इकसठ हजार आठ सौ निन्नानवे मात्र) के व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा निर्माता फर्म को ए0ओ0जी0 (एयरक्राफ्ट ऑन ग्राउण्ड) बेसिस पर क्रय आदेश निर्गत करने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते है:-

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय से संबंधित पक्षों द्वारा वित्तीय नियमों/आदेशों/ प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा धनराशि का आहरण केवल तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा ।

4- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत धनराशि व्यय किये जाने के पूर्व वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 07 जून, 2022 द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा आहरित धनराशि के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र यथासमय शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

6- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है।

7- निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं हैं तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

8- बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जाएगा।

9- निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय शासन द्वारा निर्गत शासनादेश के अनुरूप किया जायेगा।

10- यदि बजट के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पाई जाती है तो इसका उत्तरदायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अधीन राजस्व लेखाशीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-114-वाहन का क्रय एवं रख-रखाव-03-नागरिक उड्डयन निदेशालय-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 07 जून, 2022 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
उप सचिव

3/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या: 52/2022/1094(1)/छप्पन-2022-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

(2) उप महालेखाकार/ ई0एस0-III, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर लखनऊ-10

(3) मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

(4) वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7

(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सुरेन्द्र कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।